उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या :83/2016/1079/छप्पन-2016-32/2014
लखनऊ : दिनांक : 19 अक्टूबर, 2016

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन परिचालन इकाई में पायलट (रोटर विंग) के पद पर कै0 उत्पल बनर्जी को कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 1079/छप्पन-2014-19/2011, दिनांक 02.7.2014 के द्वारा रूपये 2,50,000/- (रूपये दो लाख पचास हजार मात्र) के नियत मासिक पारिश्रमिक तथा अनुमन्य विशेष उड़ान भत्ते पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष (दो वर्ष) की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया था, जिसके अनुपालन में कै0 उत्पल बनर्जी द्वारा दिनांक 16.10.2014 के पूर्वान्ह में कार्यभार ग्रहण किया गया। कै0 उत्पल बनर्जी की संविदा अवधि दिनांक 15.10.2016 को समाप्त हो रही है। निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा अवगत कराया गया है कि कै0 उत्पल बनर्जी ने नागरिक उड्डयन निदेशालय में अग्रेतर सेवा करने की इच्छा व्यक्त की है और संविदा अवधि अग्रेत्तर बढ़ाये जाने का अनुरोध किया है। निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा यह भी कहा गया है कि कै0 उत्पल बनर्जी की सेवाओं की निदेशालय में अभी आवश्यकता है और वर्तमान में इन्हें नियत मासिक पारिश्रमिक रूपये 4,72,500/- एवं अनुमन्य विशेष उड़ान भत्ता प्रदान किया जा रहा है। चूंकि कै0 उत्पल बनर्जी निदेशालय में सेवा करने के इच्छुक हैं एवं निदेशालय को इनकी सेवा की अभी आवश्यकता है। अत: श्री राज्यपाल कै0 उत्पल बनर्जी को नियत मासिक पारिश्रमिक रूपये 4,72,500/- (रूपये चार लाख बहत्तर हजार पॉच सौ मात्र) तथा अनुमन्य विशेष उड़ान भत्ता पर पूर्व शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन अग्रेत्तर 03 वर्ष (तीन वर्ष) अर्थात् दिनांक 16.10.2016 से 15.10.2019 तक की संविदा अवधि बढ़ाये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- कै0 उत्पल बनर्जी को उक्त संविदा अवधि में वर्तमान नियत मासिक पारिश्रमिक व अनुमन्य विशेष उड़ान भत्ते तथा शासनादेश दिनांक 9.9.2014 के द्वारा अनुमन्य 05 प्रतिशत वेतन वृद्धि के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते देय नहीं होंगे। वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-2, भाग-2 के सहायक नियम- 157-ए तथा तत्सम्बन्धी शासनादेशों के अन्तर्गत उन्हें अस्थायी राज्य कर्मचारियों की भॉति अवकाश देय होगा।

--- 2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- कै0 उत्पल बनर्जी से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

एस0के0 रघुवंशी
सचिव।

कै0 उत्पल बनर्जी,
पायलट (रोटर विंग)
नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0,
लखनऊ।

संख्या : 83/2016/1079(1)/छप्पन-2016 तददिनांक ।

1- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को इस अभ्युक्ति के साथ कि कै0 उत्पल बनर्जी, पायलट (रोटर विंग) से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- महालेखाकार (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठा तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
7- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
8- कार्मिक अनुभाग-1
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा0 सत्य प्रकाश तिवारी)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।